# कलेक्टर ने विकास कार्यों को देखा, ग्रामीणों से बातचीत कर जानी समस्याएं

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की पहल पर गुरूवार को बज्जू खालसा पंचायत समिति की राववाला ग्राम पंचायत से 'मिशन सरहद संवाद' कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने राववाला ग्राम पंचायत में प्रगतिरत विकास कार्यों, स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया और स्थानीय निवासियों से बातचीत कर उनकी परिवेदनाएं सुनीं। जनसुनवाई में 76 परिवाद प्राप्त हुए। इस दौरान ग्रामीणों के साथ संवाद करते हुए जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने उनकी समस्याएं जानी और परिवादों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को टाइमलाइन देते हुए निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारी यहां प्राप्त परिवादों के निस्तारण के लिए फील्ड ऑफिसर्स के साथ समन्वय करते हुए प्रकरण निस्तारित करवायेंगे। इन प्रकरणों को संपर्क पोर्टल भी ऑनलाइन किया जायेगा तथा उनके जवाब अपलोड करवाए जायेंगे।

जिला कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ सीमा पर स्थित ग्राम पंचायतों के अंतिम पात्र व्यक्ति को मिले यह सुनिश्चित किया जायेगा। आमजन अपनी समस्याओं समाधान के लिए स्थानीय प्रशासन से संपर्क कर सकते हैं। प्राथमिकता से इनका समाधान करवाया जायेगा।



**बीकानेर जिले के राववाला में मिशन सरहद संवाद में जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने ग्रामीणों से बातचीत कर जन सुनवाई की।**

उन्होंने कहा कि सीमा पर बसे गांव और गांववासी विकास के मुख्य धारा में शामिल हों, इसके लिए सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा की उपलब्धता सुनिश्चित करवाई जायेगी।

जनसुनवाई में विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारियों ने अपने विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं, पात्रता तथा आवेदन प्रक्रिया के संबंध में ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि आने वाले दिनों में सीमावर्ती क्षेत्रों की अन्य ग्राम पंचायतों में संवाद आयोजित किए जायेंगे। स्थानीय निवासी अपनी आवश्यकता के अनुसार प्रस्ताव तैयार कर प्रशासन को अवगत करवा सकते हैं। जिला कलेक्टर ने राववाला स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय और आंगनबाड़ी केन्द्र का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने विद्यालय में खेल मैदान और एक नई आंगनबाड़ी भवन निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रस्ताव बनते ही इनके निर्माण की स्वीकृति देते हुए कार्य प्रारंभ करवाए जायेंगे। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तक पहुंचने की एप्रोच रोड पर अतिक्रमण शिकायत मिली। मौके का निरीक्षण करते हुए जिला कलेक्टर वृष्णि ने ग्राम विकास अधिकारी को अगले 3 दिन में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने महात्मा गांधी नरेगा और अन्य योजनाओं के तहत प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता देखी।

इस दौरान सीईओ जिला परिषद सोहनलाल, स्थानीय सरपंच सहित

- **कलेक्टर की पहल पर गुरूवार को बज्जू खालसा पंचायत समिति की राववाला ग्राम पंचायत से 'मिशन सरहद संवाद' कार्यक्रम की शुरूआत**

अन्य जनप्रतिनिधि व जिला स्तरीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे। 24 अक्टूबर को 14 बीडी और 20 बीड़ी में मिशन सरहद संवाद आयोजित होगा। मिशन सरहद संवाद के तहत 24 अक्टूबर को 14 बीडी और 20 बीडी में जनसुनवाई आयोजित होगी। वहीं एसडीएम राजकीय जिला चिकित्सालय की राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की बैठक 15 अक्टूबर दोपहर 3:30 बजे जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी। अस्पताल अधीक्षक डॉ. सुनील हर्ष ने यह जानकारी दी।

**आज खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय** : पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के अधीन समस्त पदेन एवं उप पंजीयक कार्यालय शुक्रवार को राजकीय अवकाश के दिन भी खुले रहेंगे। पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के महानिरीक्षक आशीष गुप्ता ने इस संबंध में गुरूवार को आदेश जारी किए हैं।

## अवधिपार बिस्किट व पेय नष्ट कराया

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले में शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा दल की टीम ने गुरूवार को डबलीराठान मौलवी में मिठाई विक्रेताओं से खाद्य सामग्री के पांच सैम्पल संग्रहित किए।

त्यौहार नजदीक होने के कारण चल रहे अभियान के तहत जिले में अधिक सैम्पल लेने की कार्यवाही की जा रही है ताकि मिलावट करने वालों पर नकेल कसी जायेगी। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि जिला कलेक्टर कानाराम के निर्देशन में शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत गुरुवार को खाद्य सामग्री में होने वाली मिलावट की जांच के लिए हनुमानगढ़ में मिठाई विक्रेताओं से पांच सैम्पल संग्रहित किए गए।

उन्होंने बताया कि मै. बीकानेर मिष्ठान भण्डार से बेसन चक्की, मै. मुमताज मिष्ठान भण्डार से रसगुल्ला, मै. शिव मिष्ठान भण्डार से कलाकंद, मै. बालाजी स्वीट्स से मिल्क केक एवं मै. पवन मिष्ठान भण्डार से बेसन लड्डू का सैम्पल भरा गया। इसके अलावा जांच के दौरान 12 किलो अवधिपार खाद्य वस्तुएं, जिनमें बिस्किट, रस्क एवं एप्पी फिज मौके पर ही नष्ट करवाई गई। खाद्य सुरक्षा टीम ने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि अवधि पार सामान बेचा तो कार्रवाई होगी।

उन्होंने बताया कि निरीक्षण दल में शामिल एफएसओ रफीक मोहम्मद, सहायक कर्मचारी हीरावल्लभ, गार्ड रामेश्वर लाल एवं वाहन गुरूशरण सिंह उपस्थित थे। सैम्पल की जांच के लिए नमूनों को खाद्य प्रयोगशाला भिजवा दिया गया है।

## सार-समाचार

### बीकाणवी को शब्द साधक सम्मान



**वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र जोशी ने कवि तथा शायर अब्दुल शकूर बीकाणवी को शब्द साधक सम्मान से नवाजा।**

**बीकानेर,** (कासं)। मुक्ति तथा शब्द रंग साहित्य एवं कला संस्थान द्वारा गुरूवार को श्री शार्दुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टिट्यूट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कवि तथा शायर अब्दुल शकूर सिसोदिया बीकाणवी को शब्द साधक सम्मान अर्पित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी ने कहा कि शकूर बीकाणवी संभावनाओं से भरे रचनाकार हैं। उनकी रचनाओं में संवेदनशीलता और सपाटबयानी है, जो इन्हें दूसरे रचनाकारों से अलग पहचान दिलाती है। अध्यक्षता करते हुए युवा कवि हरिशंकर आचार्य ने कहा कि शकूर बीकाणवी सही मायनों में बीकानेर की सांझा संस्कृति के प्रतिनिधि हैं। इन्होंने हिन्दी और राजस्थानी के साथ उर्दू में सतत लेखन किया है। जागती जोत के संपादक डॉ. नमामी शंकर आचार्य ने बीकानेर की त्रिभाषी लेखन परंपरा के बारे में बताया और कहा कि हमारा शहर इस क्षेत्र में बेहद समृद्ध है। गीतकार राजा राम स्वर्णकार ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया। उन्होंने शकूर बीकाणवी की लेखन परंपरा पर प्रकाश डाला। शकूर बीकाणवी ने विभिन्न रचनाओं का वाचन किया। गंगा बिशन ने स्वागत उद्बोधन दिया। जुगल पुरोहित ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन पुस्तकालयाध्यक्ष विमल कुमार शर्मा ने किया। इस दौरान डॉ. गौरीशंकर प्रजापत, सोनू सिसोदिया आदि ने भी विचार अपने रखे।

### सप्तमी पर शोभायात्रा निकाली




**मां करणी के जन्मोत्सव पर नवरात्र की सप्तमी को शोभायात्रा निकाली।**

**बीकानेर,** (कासं)। मां करणी के जन्मोत्सव पर गुरूवार को नवरात्र की सप्तमी पर शोभायात्रा निकाली गई। वेटरनरी स्थित विजय भवन माताजी मंदिर से निकली यह शोभायात्रा दीनदयाल सर्किल, गर्वमेंट प्रेस रोड, जूनागढ़ पहुंची। यहां मां तेमड़ाराय की आरती करके पालकी सूरसागर रोड से कीर्ति स्तंभ होते हुए गाजे-बाजे व जयकारों के साथ पुनःमन्दिर पहुंची। यात्रा मार्ग में जगह-जगह शोभायात्रा का पुष्पवर्षा, गुलाब जल व गुलाल से स्वागत किया गया। शोभायात्रा में श्रद्धालु करणी माता के भजन गाते चल रहे थे। इसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर प्रन्यास से जुड़े मोहन महाराज व नीरज पांडे ने बताया कि पहली बार निकाली गई इस शोभायात्रा में झांकी के ऊपर चील रूप मां करणी का स्वरूप 'सांवली' के दर्शन से करणी भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। शोभायात्रा में सांवली के दर्शन अति शुभ माने जाते है। उन्होंने बताया कि 11 व 12 अक्टूबर को कन्या पूजन के साथ नवरात्र आयोजन की पूर्णाहुति होगी।

### विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री बांटी



**राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नायकों का मौहल्ला राजीव नगर में शिक्षण सामग्री का वितरण किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नायकों का मौहल्ला राजीव नगर में आज नवरात्रि के पावन अवसर पर भामाशाह राजेश पारीक एवं रीना पारीक द्वारा कन्या पूजन किया गया। साथ ही विद्यालय की कक्षा पांच से आठ तक के समस्त विद्यार्थियों को स्टेशनरी एवं शिक्षण सहायक सामग्री का वितरण किया गया। भामाशाहों द्वारा कक्षा एक से आठ के परीक्षा परिणाम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मिल्टन की पानी बोतल पारितोषिक स्वरूप प्रदान की गई। भविष्य में प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का आगे के अध्ययन का सम्पूर्ण खर्च उठाने की घोषणा की। इन भामाशाहों को प्रेरित करने का कार्य विद्यालय के शिक्षक शिवशंकर गोदारा द्वारा किया गया।

# शहरी क्षेत्र में बदहाल सड़कों पर गड्ढे दे रहे है हादसों को न्यौता

**बीकानेर,** (कासं)। नगर निगम और नगर विकास न्यास क्षेत्र की सड़कों की स्थिति खराब है। जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं। कहीं डामर उधड़ा हुआ है, तो कहीं कंकर-पत्थर निकले हुए हैं। सैकड़ों स्थानों पर नाली, क्रॉस और सीवर चैम्बर बदहाल है। निगम की ओर से मानसून के बाद वार्ड वाइज करवाए गए सर्वे में यह स्थिति सामने आई है।

सर्वे के अनुसार शहर की 1040 सड़कों पर गड्ढे, डामर उधड़ा हुआ है। वहीं 881 नाली, क्रॉस व सीवर चैम्बर का मरम्मत कार्य होना है। निगम अब सड़कों की मरम्मत, नवीनीकरण सहित नाली, क्रॉस व चैम्बर के कार्य करवायेगा। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया को प्रारंभ कर दिया गया है। संभावना है इसी माह के दूसरे पखवाड़े में यह कार्य प्रारंभ हो जायेगा। एक्सईएन के अनुसार एआरसी टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। टेंडर प्रक्रिया इसी माह

- **कहीं डामर उधड़ा हुआ है, तो कहीं कंकर-पत्थर निकले हुए हैं। सैकड़ों स्थानों पर नाली, क्रॉस और सीवर चैम्बर बदहाल है**

पूरी होने की संभावना है। वहीं पुरानी एआरसी से भी कई स्थानों पर कार्य चल रहे हैं। इस बार विगत एआरसी पूरी होने से पहले ही आयुक्त के निर्देशों पर नई एआरसी के लिए टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।

घरों में पेयजल कनेक्शन व मरम्मत कार्य के लिए रोड कट लगाना आम बात है। गली, मोहल्लों से चौक-चौराहों और मुख्य सड़कों व मार्गों से कॉलोनी क्षेत्र तक सैकड़ों स्थानों पर रोड कट के कारण छोटे-छोटे गड्ढे बने हुए हैं। आमजन रोज इन गड्ढों से होकर निकलने को मजबूर है। जलदाय विभाग इन गड्ढों को भरने की पहल नहीं कर रहा है। निगम और न्यास भी उदासीन बने हुए हैं। सार्वजनिक निर्माण विभाग की सड़कों पर भी जगह-जगह रोड कट के कारण गड्ढे बने हुए हैं। शहर में अमृत 2.0 के तहत सीवर प्रोजेक्ट के कार्य चल रहे हैं। सीवर चैम्बर व सीवर लाइनों को डालने का कार्य चल रहा है। जगह-जगह गड्ढे खोदने से सड़कें बदहाल हैं। पुनः सड़कों की मरम्मत का कार्य नहीं हुआ है। आयुक्त के निर्देश पर सर्वे कार्य हुआ।

निगम अधिशासी अभियंता चिराग गोयल के अनुसार सर्वे के बाद तैयार रिपोर्ट में 1040 स्थानों पर सड़कों की मरम्मत व कुछ सड़कों का नवीनीकरण कार्य होना है। वहीं 881 स्थानों पर नाली, क्रॉस व सीवर चैम्बर मरम्मत के कार्य होने चिन्हित किए गए हैं।

## मेघवाल आज आयेंगे

**बीकानेर,** (कासं)। केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल गुरुवार रात्रि 11.35 बजे दिल्ली सराय रोहिल्ला से रेल मार्ग द्वारा प्रस्थान कर शुक्रवार प्रातः 7.20 बजे बीकानेर पहुंचेंगे। मेघवाल शुक्रवार प्रातः 9 बजे सीमा सड़क संगठन के मुख्य अभियंता के साथ बैठक करेंगे।

इसके बाद प्रातः 10 बजे खतूरिया कॉलोनी में शहरी आयुष्मान आरोग्य केंद्र का उद्घाटन करेंगे। मेघवाल दोपहर 1 बजे पांचू में रामस्वरूप कस्वां की शोक सभा में शामिल होंगे तथा विभिन्न कार्यक्रमों तथा बैठकों में शिरकत करेंगे।

मेघवाल शनिवार को प्रातः 10 बजे खारबारा में बीआरओ चेतक प्रोजेक्ट के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। मेघवाल सायं 5 बजे डॉ करणी सिंह स्टेडियम में तथा सांय 5.50 बजे सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज ग्राउंड में विजयदशमी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। मेघवाल रात्रि 10:30 बजे रेल मार्ग से दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

# चादर रस्म के साथ पीर बाबा का सालाना उर्स शुरु

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर शहर में सद्भाव व एकता के प्रतीक सैय्यद चार पीर बाबा रह. अलैह (बज्मे गरीब नवाज) के सालाना 40 वां उर्स पारम्परिक रस्मों रिवाज के साथ सादुल कॉलोनी बीकानेर स्थित पीर बाबा की दरगाह पर 10 से 12 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है।

गुरुवार को दरगाह के खादिम अहमद अली ने बताया कि उर्स कार्यक्रम का आगाज आज 10 अक्टूबर को सुबह 8 बजे कुरानखानी के साथ हुआ। सावधान इंडिया संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन ठाकुर दिनेश सिंह भदौरिया एवं बीकानेर शहर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष सोहन लाल चांवरिया तथा दरगाह कमेटी के सदस्यों की ओर से कुरानख्वानी एवं नमाज अदा होने के बाद चार पीर बाबा की दरगाह पर चादर चढ़ाई गई।

इस अवसर पर दरगाह के रज्जाक अहमद अब्बासी, मोहम्मद

- **नमाज के बाद चादर रस्म के साथ पीर बाबा का सालाना उर्स शुरु**

सलीम, शाकिर हुसैन चौपदार, मुमताज अब्बासी, सौकिन, फरमान अली, इस्माइल खां, सतार अहमद,मांगू खां, अनिश बागवान, सेवानिवृत पुलिस कर्मचारी मोहम्मद हुसैन पडिहार, शकील चौबदार, लियाकत अली उर्फ लक्की, शानू, रूस्तम अली सहित आदि जायरीन मौजूद थे। प्रवक्ता रज्जाक अब्बासी ने बताया कि रविवार दोपहर में महफिले कव्वाली तथा शाम को उर्स समापन कार्यक्रम में फातिहा और रस्मे कुल अदा की जायेगी। उर्स की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से अंजाम देने के लिए कमेटी की ओर से जिला प्रशासन से सहयोग मांगा है।

# पूनरासर धाम में होगा श्रीराम का राज्याभिषेक

**श्रीपूनरासर,** (निसं)। श्रीराम भक्त हनुमान सेवा समिति द्वारा दशहरा पर श्रीपूनरासर धाम में राम का राज्याभिषेक एवं रामभक्त पूनरासर हनुमान का महारूद्राभिषेक, हवन, महाज्योत एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जायेगा।

श्रीराम भक्त हनुमान सेवा समिति के बंशीलाल व्यास ने जानकारी देते हुए कहा कि पंडित नथमल पुरोहित 108 श्रीधर महाराज के सानिध्य में 12 अक्टूबर को दशहरा के अवसर पर पूनरासर धाम में राम भक्त हनुमान का रूद्राभिषेक एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जायेगा। यात्रा के लिए 11 अक्टूबर सांय 7 बजे से बसों की रवानगी शिव प्लाजा पुराने बस स्टैण्ड से श्रीपूनरासर धाम के लिए होगी। कार्यक्रम में बीकानेर पश्चिम के विधायक जेठानंद व्यास, श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत उपस्थित रहेंगे। पूनरासर हनुमान के महारूद्राभिषेक कार्यक्रम से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की रवानगी 11 अक्टूबर को होगी। पूनरासर धाम में श्रीराम भक्त हनुमान का रूद्राभिषेक, महाज्योत एवं महाप्रसादी 12 अक्टूबर को होगी।

पूनरासर धाम में होने वाले इस भव्य महारुद्राभिषेक कार्यक्रम की तैयारी में रतन लाल बोथरा, महावीर बोथरा, विनोद व्यास, गिरिराज हर्ष पंडित जयकिशन पुरोहित, भैरूरतन पुरोहित, चैना महाराज, कैलाश ओझा, रोशन बोथरा, अजय ओझा, हर्षवर्द्धन व्यास, संजय कुमार हर्ष जुटे रहें।

## दीवाली पर चिकित्सालय रात 12 बजे तक खुले रहेंगे

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने दीपावली पर्व पर पटाखे आतिशबाजी के कारण किसी प्रकार की आगजनी की घटना की संभावना के मद्देनजर चिकित्सालय रात्रि 12 बजे तक खुले रखने के निर्देश दिये हैं।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा पीएमओ को निर्देशित किया है कि अपने अधीनस्थ समस्त चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टॉफ, अधिकारी, कर्मचारियों को पाबंद करें कि से 30 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र रात्रि 12 बजे तक खुले रहेंगे। ताकि तत्काल चिकित्सा उपलब्ध कराई जा सके।

# दुर्गा पूजा महोत्सव आज, सजे पंडाल व प्रतिमाएं

**बीकानेर,**(कासं)। शारदीय नवरात्र में घर-घर और देवी मंदिरों में शक्ति की उपासना का क्रम चल रहा है। देवी उपासक, साधक और श्रद्धालु देवी का व्रत और आराधना कर रहे है। रात्रि जागरण का आयोजन हो रहा है। नवरात्र में दुर्गा पूजा महोत्सव का भी आगाज हो गया है।

गली-मोहल्लों और सार्वजनिक स्थलों पर सजे पंडालों में देवी प्रतिमाएं विराजित कर उनकी पूजा-अर्चना का क्रम प्रारंभ हो गया है। कई स्थानों पर देवी प्रतिमाएं स्थापित कर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजन किया गया। देवी पाठ और मंत्र जाप हुए। कई स्थानों पर दुर्गा पूजा महोत्सव की शुरूआत होगी।

लखोटिया चौक प्रांगण में दुर्गा पूजा महोत्सव की शुरूआत हुई। विधि विधानपूर्वक देवी प्रतिमा स्थापित की गई। वेदपाठी ब्राह्मणों के मंत्रोच्चारण के बीच देवी प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। आयोजन से जुड़े श्रीबल्लभ पुरोहित ने बताया कि इस अवसर पर देवी पाठ और मंत्र जाप हुआ। रात्रि में डांडिया नृत्य का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में बालिकाओं व महिलाओं ने भाग लिया।

सिंह मण्डल, नृसिंह नवयुवक मण्डल व अशोक वाटिका सेवा समिति की ओर से आयोजित महोत्सव के तहत चार दिन डांडिया नृत्य का आयोजन होगा। 11 अक्टूबर को 551 कन्याओं का पूजन, महाप्रसाद और छप्पन भोग का आयोजन होगा। वहीं चौथाणी ओझा चौक में दुर्गा पूजा महोत्सव का आगाज देवी प्रतिमा को स्थापित करने और पूजा-अर्चना के साथ हुआ। महोत्सव के तहत धार्मिक अनुष्ठान व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। रानी बाजार क्षेत्र स्थित बंगाली मंदिर में दुर्गा पूजा महोत्सव परंपरागत रूप से धूमधाम से मनाया जाएगा। 11 अक्टूबर को महाअष्टमी पूजा होगी। वहीं व्यक्ति पूजा, पुष्पाजंलि, संधि पूजा, बलिदान, संधि पूजा समाप्त होगी। महानवमी के दिन महानवमी पूजा होगी। शत्रु बलि, होम, संध्या आरती के आयोजन होंगे। 12 अक्टूबर को विजय दशमी के दिन दशमी पूजा, दर्पण विसर्जन, सिंदूर उत्सव, प्रतिमा विसर्जन के लिए यात्रा होगी।

# बेटियां प्रत्येक क्षेत्र में फहरा रही है सफलता के परचम : डॉ. गुप्ता

**बीकानेर,** (कासं)। अंतर्राष्ट्रीय बालिका सप्ताह कार्यक्रम और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत गुरूवार को जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग द्वारा टाउन हॉल में जागृति शिक्षा, सुरक्षा और समानता का प्रण कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय किशोरी सशक्तिकरण पर आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर विकास न्यास की सचिव डॉ. अपर्णा गुप्ता थी। उन्होंने कहा कि आज बेटियां प्रत्येक क्षेत्र में सफलता का परचम फहरा रही हैं। इन्हें और अधिक सशक्त करते हुए आगे बढ़ने के अवसर देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा बालिका कल्याण से जुड़ी अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनका लाभी बेटियों को अधिक से अधिक मिले, ऐसे प्रयास किए जाएं।



**अंतर्राष्ट्रीय बालिका सप्ताह के तहत टाउनहॉल में जिला स्तरीय कार्यक्रम में छात्राओं ने केक काटा।**

राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अभिलाषा ने कहा कि बीकानेर की बेटियों ने देश में जिले का मान बढ़ाया है। इनके संघर्ष की कहानियां युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी हैं। उन्होंने कहा कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सतत प्रयासों की जरूरत है। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी गजानंद सेवक,

- **अंतर्राष्ट्रीय बालिका सप्ताह के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित**

डेफ ओलम्पियन पदक विजेता और अभियान की ब्रांड एम्बेसेडर वेदिका शर्मा, महिला उद्यमी डॉ. रीमा राठौड़ आदि मौजूद थे।

अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक डॉ. अनुराधा सक्सेना ने बताया कि केन्द्र सरकार एवं महिला अधिकारिता विभाग के निर्देशानुसार 2 से 11 अक्टूबर तक बालिका दिवस सप्ताह के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला व ब्लॉक स्तर पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तथा बालिका सशक्तीकरण से जुड़े आयोजन हुए।

# विद्यालय में 115 कन्या एवं 30 बटुकों का पूजन

**बीकानेर,**(कासं)। नवरात्रा महोत्सव के तहत गुरूवार को महिला सशक्तिकरण का संदेश देते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दक्षिण विस्तार पवनपुरी बीकानेर में 115 बच्चियों एवं 30 बटुकों का कन्या पूजन किया।

उप प्राचार्य रचना गुप्ता, सविता राव, मंजू धवल, किरण कंवर, संतोष पूनिया की उपस्थिति में अध्ययनरत कन्याओं को कुमकुम का तिलक लगाकर उनके चरण प्रक्षालन के साथ पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर उपस्थित 115 बच्चियों एवं 30 बटुकों को लेखन सामग्री के साथ- साथ नव प्रवेशित 50 बालिकाओं को स्कूल बैग का वितरण भाजपा नेता डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य एवं अरूण जैन के सहयोग से किया गया।



**राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दक्षिण विस्तार पवनपुरी बीकानेर में कन्या पूजन किया।**

इस अवसर पर उप प्राचार्य रचना गुप्ता ने कहा कि बालकों का मन स्वस्थ रहे, उनकी स्त्री विषयक दृष्टि ठीक रहे, उसके लिए ही कन्या पूजन एक माध्यम है। गुप्ता ने कहा कि लगातार और व्यापक रूप से होने वाले कन्या पूजन से ही सार्थक वातावरण बनेगा और यह सात्विक वातावरण ही संस्कार देगा। ये संस्कार ही नारी सम्मान के साथ- साथ सब प्रकार के भेदभावों को दूर करने में सहायक होगा। कार्यकम विशिष्ट अतिथि मोहम्मद रमजान ने कहा कि नारी शक्ति का संरक्षण करने मे समाज को आगे आना चाहिए।